प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

11.03.2026/प्रादेशिक समाचार/15.00बजे

राष्ट्रपति–जल शक्ति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि जल संरक्षण प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। नई दिल्ली में जारी जल महोत्सव 2026 के हिस्से के रूप में एक राष्ट्रीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने राष्ट्र से जल के साथ एक अमूल्य खजाने की तरह व्यवहार करने का आग्रह किया। राष्ट्रपति ने जल को आने वाली पीढ़ियों के लिए संरक्षित किए जाने की बात कही। उन्होंने सुरक्षित भविष्य के लिए जल संरक्षण को न सिर्फ एक अभ्यास बल्कि जीवन की एक शैली बनाने का आह्वान भी किया।

राष्ट्रपति ने कहा कि नल जल मित्र कार्यक्रम के अंतर्गत स्व–सहायता समूहों के ग्रामीण युवाओं व महिलाओं को जल आपूर्ति प्रणाली के रखरखाव और परिचालन में सक्रिय साझेदार बनाने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह पहल न सिर्फ जल संरक्षण में योगदान कर रही है बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर भी सृजित कर रही है।

देशभर में जल अर्पण के पालन के साथ जल महोत्सव 2026 की शुरूआत 8 मार्च को हुई। यह महोत्सव 22 मार्च तक जारी रहेगा।

मुख्यमंत्री

प्रदेश के सबसे बड़े अस्पताल आईजीएमसी में आज से रोबोटिक सर्जरी की सुविधा शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आईजीएमसी में रोबोटिक सर्जरी का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने रोबोटिक तकनीक से की जा रही गॉल ब्लैडर की सर्जरी को भी देखा और डॉक्टरों से इसकी कार्यप्रणाली की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने बताया कि सामान्य वार्ड में रोबोटिक सर्जरी के लिए 30 हजार रुपये खर्च होंगे, जबकि स्पेशल वार्ड लेने वाले मरीजों को इसके लिए करीब 50 हजार रुपये देने होंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के तीन मेडिकल कॉलेजों में रोबोटिक सर्जरी की सुविधा शुरू कर दी गई है और आने वाले समय में अन्य मेडिकल कॉलेजों में भी इसे शुरू किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिम केयर कार्ड में रोबोटिक सर्जरी की सुविधा मिले इसके लिए रिपोर्ट मंगाई गई है।

सुरेश कश्यप

केंद्रीय युवा कार्यक्रम व खेल मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने कहा है कि खेलो इंडिया नीति 2025 का उद्देश्य भारत में मजबूत, समावेशी और प्रदर्शन उन्नमुख खेल पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करना है। आज लोकसभा में सांसद सुरेश कश्यप के सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि खेलो इंडिया योजना के तहत हिमाचल प्रदेश के 12 ज़िलों में कुल 18 खेलो इंडिया केंद्र संचालित किए जा रहे हैं, जहां करीब 2 सौ 80 खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

फायर सीजन

सिरमौर ज़िला में गर्मियों के मौसम के दौरान वनों में आग लगने की घटनाओं के मध्यनजर वन विभाग ने तैयारियां पूरी कर ली है। नाहन के डी.एफ.ओ. अवनी भूषण राय ने बताया कि फायर सीजन विभाग के सामने बड़ी चुनौती रहता है, जिसे देखते हुए कर्मचारियों की छुटियों पर एक अप्रैल से 15 जून तक प्रतिबंध रहेगा। अवनी भूषण राय ने फायर सीजन के दौरान लोगों से भी सहयोग की अपील की है।